एक नजर में

श्रीमती सेठिया का देवलोकगमन

नवभारत न्यूज, छापीहेड़ा 19 मार्च, सं. स्व श्री बृजमोहन सेठिया की धर्मपत्नी श्रीमती फूलकंवर सेठिया का विगत दिवस देवलोकगमन हो गया. वह नगर के वरिष्ठ व्यवसायी स्व श्याम सेठिया एवं अशोक सेठिया व राजीव सेठिया की माताजी थी. श्रीमती सेठिया काफी धार्मिक प्रवृत्ति की होकर सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहती थी. उनके निधन पर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों, व्यापार जगत से जुड़े लोगों, समाज बंधुओं ने शोक व्यक्त किया है. स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

भारतीय सेना भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

राजगढ़ 19 मार्च, का. अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथियों के भीतर आवेदन कर सकते हैं. जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन करने की अंतिम तिथि 1 अप्रैल है. ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथियां 1 जून से 15 जून के बीच निर्धारित की गई हैं. भर्ती प्रक्रिया मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे भोपाल, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, दमोह, टीकमगढ़, पन्ना, हरदा, गुना सहित अन्य अधिकृत क्षेत्रों के स्थायी निवासियों के लिए आयोजित की जाएगी.

नगर इंकाध्यक्ष अमर सिंह का स्वागत किया

छापीहेड़ा 19 मार्च, सं. नगर में गुरुवार दोपहर में कांग्रेस कार्यालय में अमर सिंह पाटीदार, गुड्डू बाबू को नगर कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया. पाटीदार को फूल माला पहनाकर साफा बांधा गया. स्वागतकर्ताओं में शाहिद खान, राजेश टांक, श्याम लाल पुरोहित, अक्षय जैन, मुकेश जैन,राजेंद्र पाटीदार, इकबाल खान, निर्मल कंजर दीपक पुरोहित, जगदीश मालवीय, इसराइल खान आदि कार्यकर्ता शामिल थे.

वर्ष प्रतिपदा पर बच्चों ने निकाला जुलूस

नवभारत न्यूज

सुठालिया 19 मार्च, सं. सरस्वती शिशु विद्या उच्च मंदिर में चैत्र प्रतिपदा गुड़ी पड़वा हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में नगर में ढोल ढामाके आतिशबाजी के साथ चल समारोह निकाला गया. चल समारोह में भैया बहन ने गुड़ी एवं ध्वजा पताका लेकर चले. चल समारोह विद्यालय से प्रारंभ होकर गांधी चौक से होते हुए राम मंदिर चौराहा, बस स्टैंड से होते हुए विद्यालय में समापन हुआ. आचार्य,दीदी, भैया, बहनों ने नगर में नगर वासियों को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनायें प्रेषित की, तिलक लगाया,नीम गुड चने का प्रसाद बांटा. विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता अतुल विश्वकर्मा, मुख्य अतिथि कुलदीप सिंह राठौड़, विशेष अतिथि अरुण शर्मा, धर्मेंद्र मीणा, प्राचार्य शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन चंदन पालीवाल, आभार रवि मालवीय ने माना.

इंटरनेट की लाइन प्यासा मार रही ग्रामीणों को

नेट की केबल बिछाने वाली मशीन फोड़ रही पाइप लाइन, जीओ की केबल डालने में बरती जा रहीं असावधानियां

पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पेयजल सप्लाई हो रही बाधित

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/सुठालिया 19 मार्च, सं. केन्द्र सरकार पंचायत स्तर पर इंटरनेट हेतु केबल बिछाने का काम करा रही है. यह काम जीओ नेटवर्क द्वारा किया जा रहा है. दुर्भाग्य यह है कि इंटरनेट देने के बदले में ग्रामीणों को उक्त कंपनी प्यासा मरने को मजबूर कर रही है. केबल डालने में असावधानी के कारण पाइप लाइन फूट रही है. इससे कई गांवों में पीने के पानी का संकट खड़ा हो रहा है.

उल्लेखनीय है कि पहाड़गढ़ परियोजना के तहत सुठालिया क्षेत्र के लगभग 77 ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई की जाती है, जल मिशन विभाग द्वारा पानी सप्लाई किया जाता है किंतु वर्तमान में दूर संचार कंपनी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बिछाई जा रही केबल लाइन के कार्य के चलते आये दिन पेयजल लाइन में टूटफूट होने से पेयजल सप्लाई प्रभावित हो रही है, कई दिन तक संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है.

गौरतलब है कि परियाजना के तहत जल जीवन मिशन द्वारा पेयजल सप्लाई की जाती है, इन दिनों जीओ नेटवर्क द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है. मशीन के द्वारा अंडरग्राउण्ड केबल बिछाई जा रही है, जिसमें आये दिन मशीन से नलजल योजना की लाइन क्षतिग्रस्त हो रही है. गुरुवार को भी कानेड के यहां लाइन टूटने से पेयजल सप्लाई प्रभावित हो गई. इससे कई गांवों को प्यासा मरने को मजबूर होना पड़ा. केन्द्र सरकार ने प्रत्येक पंचायत मुख्यालय को इंटरनेट से जोड़ने का पिछले कार्यकाल में वादा किया था. इसी वादे को पूरा करने का काम सरकार द्वारा जीओ नेटवर्क के माध्यम से कराया जा रहा है. इंटरनेट देने के बदले में ग्रामीणों की पाइप लाइन टूट रही है. इसके कारण गांव के गांव प्यासे मरने को मजबूर है.

केबल डालने में असावधानी के कारण पाइप लाइन फूट रही है. इससे कई गांवों में पीने के पानी का संकट खड़ा हो रहा है.

प्रबंधन द्वारा बताने के बाद भी फूट रही लाइन

पेयजल सप्लाई करने वाले प्रबंधन के अनुसार उनके द्वारा पेयजल लाइन कहां-कहां से गुजर रही है, इसको लेकर अवगत कराया जा चुका है, बावजूद इसके आये दिन मशीन से पेयजल सप्लाई लाइन टूट रही है. हालांकि क्षतिग्रस्त लाइन को ठेकेदार द्वारा ही ठीक किया जा रहा है किंतु बार-बार लाइन टूटने से पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो रही है.

जगह-जगह लीकेज पाइप लाइन

जल मिशन के तहत ही ग्राम गिंदोरहाट में पेयजल सप्लाई की जाती है,

जानकारी के अनुसार यहां कई दिनों से पेयजल सप्लाई बाधित है, बताया जाता है कि नाले के समीप से निकली पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने के कारण सात-आठ दिन से पेयजल सप्लाई बंद है, गांव में भी कई जगह लाइन लीकेज होना बताया जाता है. इस संबंध में जल जीवन मिशन के अधिकारियों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम कई कारणों से नियमित जल सप्लाई नहीं कर पा रहे है. उनका कहना था कि पिछले दिनों आग सुलगने से नाले के समीप करीब 20 मीटर पाइप लाइन खराब हुई है. पूर्व में भी इसी तरह लाइन खराब होने पर उसे ठीक करवाया गया. पाइप उपलब्ध कर दिया जाता है तो उनके द्वारा लाइन को ठीक करवा दिया जाएगा. इस समस्या के चलते पेयजल को लेकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

सप्ताह भर तक बंद रही थी दर्जनों गांव में सप्लाई

पारसाना के यहां केबल बिछाने के दौरान लाइन क्षतिग्रस्त होने से समीपवर्ती करीब 70 गांवों में पेयजल सप्लाई सप्ताह भर तक बंद रही, जिससे पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.

भाई, भतीजों के बीच में लट्ठ चले, रिश्तेदार रेफर

विवाद शांत कराने गए रिश्तेदार पर हमला, रेफर किया

नवभारत न्यूज

जीरापुर 19 मार्च, सं. समीपस्थ ग्राम कुण्डालिया में सगे भाईयों और भतीजों के बीच जमीनी विवाद को लेकर जमकर लाठियां चली. विवाद में बीच बचाव करने गए दोनों पक्षों के रिश्तेदार को गंभीर चोटें आई है. लाठी से हमले में उनका सिर फट गया. प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे भोपाल रेफर किया गया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम कुण्डालिया में जमीनी विवाद को लेकर देवीलाल गुर्जर पिता बापूलाल गुर्जर उम्र 50 वर्ष और उनके सगे भाईयों अर्जुन सिंह पिता बापूलाल गुर्जर, बालचंद पिता बापूलाल गुर्जर और बालचंद के पुत्र प्रेमनारायण गुर्जर, और पीरूलाल गुर्जर के बीच जमकर विवाद हुआ. जिसमें देवीलाल पर बाकी लोगों ने हमला कर दिया.

देवीलाल को बचाने आए उनके रिश्तेदार लक्ष्मण पिता शिवसिंह निवासी कोटड़ा के सिर में लाठी के हमले से गंभीर चोटें आई है. उनका सिर फटा हुआ टांके आए है. गंभीर हालत में लक्ष्मण सिंह को रेफर किया गया है. मामले में फरियादी देवीलाल गुर्जर ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस ने विवेचना को विवेचना में लिया है. इधर पुलिस ने गांव में सुरक्षा बढ़ा दी है. साथ ही दोनों पक्षों से बयान लेकर आगे कार्यवाही की जाएगी.

शोभायात्रा के साथ मनाई महर्षि गौतम जयंती

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 19 मार्च, का. नगर में गुरुवार को गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के आराध्य महर्षि गौतम जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई, जयकारों के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई.

जूना ब्यावरा स्थित श्री लक्ष्मीकांत मंदिर से शोभायात्रा शुरु हुई. स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया. शोभायात्रा में समाज के युवा, बुजुर्ग, पुरूष एवं बच्चे शामिल हुए. इस मौके पर बुजुर्गो, समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया.

विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये. शोभा यात्रा में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण नगर सभा अध्यक्ष केशव शर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश जोशी, दीपेन्द्र तिवारी, अंकित पंचौली, जितेन्द्र जोशी, दुर्गा प्रसाद जोशी, लेखराज शर्मा, रमेश शर्मा, कमलेश शर्मा, आनंद भारद्वाज, मनीष गौतम, जयंत शर्मा, नीरज उपाध्याय, अरुण कुमार जोशी, शैलेंद्र तिवारी, देवेंद्र शर्मा, ललित शर्मा, अविनाश दुबे, दिलीप जोशी, नरेंद्र शर्मा, दीपेश शर्मा, मनीष शर्मा, गोपाल तिवारी, सुनील शर्मा, अशोक शर्मा, भूपेंद्र जोशी, प्रदीप शर्मा, गोपाल प्रसाद शर्मा, दिनेश शर्मा, अनिल सांकवा, सुभाष सांकवा, मनोज गौतम, गिरीश शर्मा, राजू शर्मा, मनोज शर्मा, आशीष उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, अशोक मिश्रा, स्वप्निल उपाध्याय, रितेश उपाध्याय, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.

समाज के लिये संगठित होना आवश्यक

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 19 मार्च, का. वैश्य समाज चेतना रैली के समापन अवसर पर विधायक अमरसिंह यादव ने कहा कि आप सभी परिवार के सदस्य हैं. वैश्य समाज के सहयोग से मैं हमेशा विधायक बनता हूं. केदार काका ने कहा कि वैश्य चेतना रैली हमारी एकता को मजबूत करती है. के. एन. गुप्ता जिला अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन ने कहा कि हमारे संगठन का उद्देश्य वैश्यो के हितों की रक्षा करना तथा उनमें सुरक्षा का भाव पैदा करना है. शीघ्र ही खुजनेर नगर में वैश्य समाज जनों का जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया. नगर अध्यक्ष अमर सिंह पाटीदार का स्वागत किया.

ब्यावरा उपज मंडी में फिर शुरू होगी लहसुन की नीलामी

ब्यावरा मंडी में 24 मार्च से होगी खरीदी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 19 मार्च, का. एक बार फिर कृषि उपज मंडी में लहसुन की खरीदी शुरु होने जा रही है, 24 मार्च से लहसुन की खरीदी का कार्य मंडी प्रबंधन द्वारा शुरु करने की बात कही गई है, लहसुन की खरीदी से आसपास के किसानों को इसका लाभ मिल सकेगा.

गौरतलब है कि ब्यावरा कृषि मंडी में गत माह लहसुन की खरीदी प्रारंभ की गई थी. इसके बाद यहां नीलामी बंद हो गई एक बार फिर अब मंडी प्रबंधन द्वारा मंडी में लहसुन की खरीदी शुरु करने का निर्णय लिया है.

मंडी प्रबंधन के अनुसार 24 मार्च मंगलवार से स्थानीय कृषि उपज मंडी में लहसुन की खरीदी प्रारंभ की जा रही है, किसानों भाईयों से आग्रह किया गया है कि वह लहसुन विक्रय हेतु मंडी में ला सकते है. नीलामी का कार्य दोपहर 2 बजे से होगा. स्थानीय कृषि मंडी में इसके पूर्व 29 जनवरी 2026 को लहसुन की करीब 5 क्विंटल आवक रही थी.

30 किमी दूर जाना पड़ रहा था लहसुन बेचने

स्थानीय कृषि उपज मंडी में लहसुन की खरीदी शुरु होने से आसपास एवं दूर दराज क्षेत्र के किसानों को काफी सुविधा होकर राहत पहुंचेगी. समीप मंडी में लहसुन का विक्रय होने से काफी सुविधा होगी. वहीं टेक्स के रुप में कृषि मंडी की आय में भी इजाफा होगा.

विदित है कि इसके पूर्व जिले में नरसिंहगढ़ एवं सारंगपुर कृषि मंडी में ही लहसुन की खरीदी होने से राजगढ़, कालीपीठ, ब्यावरा, सुठालिया क्षेत्र के किसानों को लहसुन का विक्रय करने काफी दूर जाना होता था. ब्यावरा एवं आसपास क्षेत्र से नरसिंहगढ़ मंडी जाने पर करीब 35 किमी का सफर तय करना पड़ता है. अब ब्यावरा मंडी में ही खरीदी प्रारंभ होने से लम्बा सफर एवं इस पर होने वाला व्यय बचेगा. ब्यावरा मंडी में खरीदी शुरु होने से काफी सुविधा और राहत मिलेगी. समीप मंडी में लहसुन का विक्रय होने से भाड़ा व अन्य खर्च बचेगा.

खिलचीपुर. कवि सम्मेलन में हजारों की तादाद में श्रोता पहुंचे.

कवि सम्मेलन में देर रात तक श्रोताओं ने लिया आनंद

नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 19 मार्च, सं. इमली स्टेण्ड बुधवार रात उत्साह, आस्था और शब्दों के जादू से सराबोर नजर आया. हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के स्वागत में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में 9 बजे मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन और साधु-संतों ओर समाज सेवियों के सम्मान के साथ हुआ. शाजापुर के हास्य कवि दिनेश देशी घी ने अपनी रचना उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आधारित गीत तेरी पलक झपकी श्री योगी, गुंडों की गाड़ी टपकी, सारा जमाना है तेरे पीछे. सुनाकर पंडाल में तालियों और ठहाकों की गड़गड़ाहट पैदा कर दी. इंदौर के गीतकार अमन अक्षर ने जैसे ही भगवान श्रीराम पर अपनी भावपूर्ण रचना सुनाई, माहौल अचानक भक्तिमय हो गया. जोधपुर से आई कवयित्री आयुषी रखेचा ने हास्य और श्रृंगार रस, आगरा के मोहित सक्सेना और ओरछा के सुमित ने भी मंच पर दमदार काव्य पाठ कर खूब तालियां बटोरीं. रातभर चले आयोजन में हजारों की भीड़ उमड़ी, जिसमें राजस्थान से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे. इस मौके पर जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. नववर्ष के आगमन पर पूरा इमली स्टैंड आतिशबाजी की रोशनी से जगमगा उठा. फूलों की होली, गले मिलकर बधाइयां और हर चेहरे पर खुशी माहौल देखने लायक था. आयोजक अंशुल तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ नववर्ष का स्वागत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और हिंदी भाषा को जीवंत बनाए रखना है.

छापी बांध घाट की सफाई कर जल संवर्धन अभियान शुरू

जल बचाओ जल का संवर्धन करने के लिए जिले भर में अभियान की शुरूआत

नवभारत न्यूज

जीरापुर 19 मार्च, सं. जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार दिनांक 19 मार्च से 30 जून 2026 तक जल बचाओ जल का संवर्धन करने के लिए जिले भर में अभियान चलाकर जल स्त्रोत के रखरखाव साफ सफाई सौंदर्यीकरण संरक्षण के उद्देश्य से शुरुआत की गई.

इसी तारतम्य में नगर के छापी बांध पर जनप्रतिनिधि गणमान्य

नागरिक नगर परिषद कर्मचारीयों ने जल स्त्रोत छापी बांध घाट पर साफ सफाई की. जल स्त्रोत के संरक्षण एवं पुन: उद्धार एवं जल स्त्रोतो को बढ़ाने के लिए एक पहल की. जनभागीदारी से पुराने तालाबों का गहरीकरण करना है. आगामी समय में नगर परिषद द्वारा वाटर बांड़ी का गहरीकरण, सौंदर्यीकरण, जीणोद्धार रूफ हार्वेस्टिंग एवं पेयजल स्त्रोत जीवित करना है. बांध से शुरू किए अभियान में विधायक हजारीलाल दांगी ,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, सीएमओ हरीओम शर्मा, उपयंत्री बृजेश उपाध्याय, हनुमान तिवारी, वरिष्ठ जन दिनेश नागर, प्रवीण गुप्ता बकानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

आबिद लोदी पुन: बने शहर अध्यक्ष

सारंगपुर 19 मार्च, सं. कांग्रेस पार्टी संगठन ने शहर में शहर अध्यक्ष पद पर पूर्व में आसीन रहे आबिद लोदी एडवोकेट पर भरोसा जताते हुए पुन: शहर अध्यक्ष पद की कमान सौंपी है. पार्टी संगठन के इस निर्णय से शहर में, नेतागणों में एवं कार्यकर्ताओं में खुशी छा गई है. आबिद लोदी ने शहर अध्यक्ष पद पर पुन: नियुक्त होने पर कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, कांग्रेस पार्टी ने मुझ पर भरोसा कर पुन: अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है. तो मैं, पार्टी संगठन के भरोसे पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करूंगा. कांग्रेस पार्टी के हित में कार्य करते हुए, पार्टी की रीति नीति को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा. पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करते हुए, एकजुटता बनाते हुए, आने वाले सभी चुनाव में कांग्रेस पार्टी को विजयश्री दिलवाना मेरी प्राथमिकता रहेगी.

बदहाली | **खण्डहर बना झाड़ला का उप स्वास्थ्य केन्द्र, वर्ष 1992 में बने भवन की नहीं हो सकी मरम्मत**

स्कूल के जर्जर, रिसते हुए भवन में लग रहा उपस्वास्थ्य केन्द्र

नवभारत न्यूज

झाडला/ब्यावरा 19 मार्च, सं. कुरावर क्षेत्र के झाडला कस्बे में मौजूद उप स्वास्थ्य केन्द्र को खुद ईलाज की जरुरत है, यहां स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बुरी तरह जीर्णशीर्ण अवस्था में होने से स्कूल भवन में स्वास्थ्य केन्द्र संचालित किया गया किंतु उक्त भवन में बारिश का पानी आने पर बारिश में उप स्वास्थ्य केन्द्र को आंगनवाड़ी भवन में संचालित करना पड़ता है. भवन और स्टॉफ की कमी के कारण मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है.

गौरतलब है कि झाडला स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन वर्ष 1992 में बना था, जब से अभी तक कोई भी सुधार कार्य या मरम्मत नहीं हुई है, जो कि बीते 15 वर्ष से छतिग्रस्त अवस्था में है. बीते साल जिस विधालय भवन में उप स्वास्थ केंद्र को शिफ्ट किया था, उसमें बारिश का पानी भर जाने के कारण चार माह उप स्वास्थ केंद्र आंगनवाड़ी भवन में लगाया गया.

जर्जर भवन की नहीं की मरम्मत

वर्षो पुराने उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन की आज तक कोई मरम्मत कर कार्य नहीं करवाने से दिनों दिन यह भवन और अधिक जर्जर अवस्था में जा पहुंचा. इसके बाद यहां से उप स्वास्थ्य केन्द्र को अन्य भवन में संचालित करना पड़ा.

टीकाकरण के लिए अन्यत्र जाना पड़ता - झाडला उप स्वास्थ्य केन्द्र पर पांच पद स्वीकृत बताए जाते है, जिनमें 1 स्वास्थ्य कार्यकर्ता, 1 नर्स पदस्थ है, जबकि 1 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ड्रेसर तथा भृत्य का पद खाली है. स्टॉफ के अभाव में टीकाकरण एवं उपचार कराने के लिए कुरावर, नरसिंहगढ़ अस्पताल या फिर अन्यत्र जगह जाना पड़ता है. बीमार बुजुर्गो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. कई बीमार लोगों को बाहर जाकर या फिर प्रायवेट तौर पर इलाज करवाना पड़ता है, जिससे एक अच्छी खासी रकम खर्च हो जाती है. झाडला की आबादी लगभग 7 हजार के आसपास है.

10 गांव आते है उप स्वास्थ्य केन्द्र में - जानकारी के अनुसार झाडला उप स्वास्थ्य केंद्र के तहत आसपास के 10 गांव आते है, इस तरह झाडला सहित आसपास के लोगों को ईलाज कराने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

जिम्मेदारों को करा चुके है अवगत - बताया जाता है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन की जर्जर अवस्था तथा इससे होने वाली परेशानियों को लेकर कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराते हुए समस्या को रखा गया, परन्तु समस्या का हल नहीं हो सका है.

क्षतिग्रस्त भवन की जानकारी लेता हूं, नवीन भवन का प्रपोजल बना कर विभाग को भेजा है. फिलहाल केन्द्र को स्कूल भवन में शिफ्ट किया हुआ है.

डॉ.राजेंद्र अहिरवार
विकास खंड चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहगढ़